गैस की कालाबाजारी-जमाखोरी ने बढ़ाई किल्लत

सुबह पांच बजे से लोग खाली सिलिंडर लेकर गैस एजेंसियों पर कतार में लग गए, प्रशासन ने 49 एजेंसियों पर तैनात किए मजिस्ट्रेट

तापमान

36.9° अधिकतम | 18.6° न्यूनतम

आज का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तेतेज धूप खिलेगी। गर्मी का एहसास होगा।

सूर्योदय 6:30 सुबह

सूर्यास्त 6:25 शाम

स्थानीय समयानुसार

मुकद्दस रमज़ान

चौबीसवां रोज़ा इफ्तार

14 मार्च 2026

सुन्नी	6:28 बजे
शिया	6:33 बजे

पच्चीसवां रोज़ा सहरी

15 मार्च 2026

सुन्नी	5:04 बजे
शिया	4:59 बजे

नोट : सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

आज के कार्यक्रम

लोक अदालत

- सुबह 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

हवन

- सुबह 10 बजे उसायनी में आयोजित 1108 कुंडीय हवन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक

- दोपहर चार बजे आंबेडकर जयंती महोत्सव समिति की बैठक का आयोजन आंबेडकर महाविद्यालय में किया जाएगा।

आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल

agr-dakincharge@agr.amarujala.com

व्हाट्सएप करें

9193786743

सराफा भाव

सोना	चांदी
1,59,872 रुपये प्रति 10 ग्राम	2,66,928 रुपये प्रति किलो

ओपीडी

शनिवार सुबह 8 से दोपहर 2 बजे

स्वशासीय मेडिकल कॉलेज

- सर्जरी : डॉ. भरत कुमार, कमरा नंबर 3
- ईएनटी : डॉ. राजीव कुमार, कमरा नंबर 11
- दंत रोग : डॉ. तनुप्रिया कमरा नंबर 18
- मेडिसन : डॉ.भूपेंद्र सिंह कमरा नंबर 35
- बालरोग विभाग : डॉ. अनामिका सिंह, कमरा नंबर 36
- नेत्र रोग : डॉ.प्रेरणा उपाध्याय, नेत्र रोग विभाग
- स्त्री रोग विभाग : डॉ. शिप्रा, 100 शैया बिल्डिंग
- मनोरोग : डॉ. दीपावली बंसल, कमरा नंबर 36
- त्वचा रोग : डॉ. दीप्ती राजौरिया कमरा नंबर 36
- रेडियोलॉजी विभाग : डॉ. सुनील शर्मा, 200 शैया अस्पताल

सिलिंडर पर संकट

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। ईरान-इस्राइल-अमेरिका के बीच युद्ध ने जिले में एलपीजी गैस की किल्लत पैदा कर दी है। एक तरफ आम जनता दहशत में सिलिंडर बुक करा रही है, तो दूसरी तरफ मुनाफाखोरों ने इस आपदा को अवसर बना लिया है। बृहस्पतिवार को जिले में रिकॉर्ड 14,916 सिलिंडरों की बिक्री हुई, जो कि सामान्य दिनों की औसत बिक्री से दो हजार सिलिंडर अधिक थी। इसने प्रशासन के माथे पर बल डाल दिया। शुक्रवार को हालात पर काबू पाने के लिए डीएम रमेश रंजन ने जिले की सभी 49 एजेंसियों पर मजिस्ट्रेटों का कड़ा पहरा बैठा दिया है।

प्रशासनिक टीम दौड़ी तो शिकोहाबाद स्थित डेयरी में सिलिंडरों की खेप मिली। एसडीएम ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पूर्ति निरीक्षक को दिए। शुक्रवार को आलम यह रहा कि सुबह पांच बजे से लोग खाली सिलिंडर लेकर गैस गोदाम और एजेंसियों पर कतार में लग गए। लोग खाली पड़े सिलिंडरों को सुरक्षित रखने की होड़ में जुटे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर भारी दबाव पड़ा है। मुनाफाखोर 14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर से गैस निकालकर उसे 5 किलो वाले छोटे सिलिंडरों में भर रहे हैं। गली-मोहल्लों में यह गैस 150 रुपये प्रति किलो की मनमानी दर पर बेची जा रही है।

जिनके पास नहीं कनेक्शन, उनके चूल्हे ठंडे : गैस संकट की इस आपाधापी में सबसे बुरा हाल उन प्रवासी श्रमिकों का है, जो कांच नगरी में पेट पालने के लिए दूसरे जनपदों या राज्यों से आए हैं। इन श्रमिकों के पास स्थायी पता न होने के कारण घरेलू गैस कनेक्शन नहीं है। ऐसे में ये मजदूर पूरी तरह से 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों और अवैध रिफिलिंग पर निर्भर हैं।

गैस गोदाम से कंधे पर रखकर सिलिंडर को लेकर जाता युवक। संवाद

कोटला रोड स्थित गैस एजेंसी के बाहर सुबह सात बजे करीब सिलिंडर के लिए ग्राहकों की लंबी कतार। संवाद

पुलिसकर्मी से सिलिंडर दिलाने की गुहार लगाती महिला। संवाद

आंकड़ों में समझें गैस की खपत

- सामान्य खपतः औसतन 12,500 सिलिंडर प्रतिदिन
- बृहस्पतिवार की बिक्रीः 14,916 सिलिंडर
- अतिरिक्त बोझः सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 20 फीसदी ज्यादा मांग।

जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति निरंतर गतिमान है। जो लोग जमाखोरी कर रहे हैं या छोटे सिलिंडरों में रिफिलिंग का अवैध धंधा कर रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। शिकोहाबाद की घटना इसका उदाहरण है।- **रमेश रंजन,** जिलाधिकारी

डीएम ने कहा - जमाखोरों पर प्राथमिकी दर्ज करें

डीएम रमेश रंजन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों व गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक की। इसमें स्पष्ट किया है कि मानक से कम गैस देने या जमाखोरी करने वाली एजेंसियों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। सभी 49 गैस एजेंसियों पर तीन जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में एडीएम वित्त, एडीएम न्यायिक और एडीएम नमामि गंगे को तैनात किया है। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर सीओ, एसडीएम लगाए हैं। वहीं, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के तौर पर प्रशासन के राजपत्रित अधिकारी लगाए गए हैं। यह एजेंसियों से प्रतिदिन की बुकिंग, बिक्री का रिकॉर्ड लेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जनता को जागरूक करेंगे कि आपूर्ति सामान्य है।

कस्बों में भी गैस एजेंसियों पर कतार

फिरोजाबाद। गैस किल्लत की अफवाहों ने जिले के लोगों को सड़कों पर ला खड़ा किया है। एका में भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस फोर्स की निगरानी में सिलिंडरों का वितरण कराना पड़ा। वहीं, मक्खनपुर और कस्बों के अन्य केंद्रों पर भी लंबी कतारें लगी रहीं, जहां बुकिंग न हो पाने के कारण कई उपभोक्ताओं को मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। नारखी के गढ़ी हंसराम निवासी श्यामवीर ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अब लकड़ी का चूल्हा सुलगाने लगे हैं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन को लेकर शिक्षक और रसोइया बेहद चिंतित हैं। खैरगढ़, जसराना, अरांव, सिरसागंज में भी यही स्थिति रही। संवाद

मजबूरी की कतार...गोद में मासूम और आंखों में इंतजार

गैस एजेंसी पर बच्चे को गोद में लेकर बैठी महिला। संवाद

बच्चे को गोद में लेकर बैठी महिला। संवाद

गैस एजेंसियों पर इन दिनों बेबसी की तस्वीरें आम हैं। पीपलनगर की अर्चना देवी और ककरऊ की प्रीति जैसी सैकड़ों महिलाएं अपने दुधमुंहे बच्चों को गोद में लिए घंटों कतार में खड़ी रहने को मजबूर हैं। अर्चना कहती हैं, पति मजदूरी पर गए हैं, अगर मैं लाइन में न लगूं तो बच्चों के लिए शाम को रोटी कैसे बनेगी।

डेयरी में मिले 10 सिलिंडर, एसडीएम के छापे से खलबली

गैस एजेंसी पर आपूर्ति की जांच-पड़ताल करते एसडीएम डॉ. गजेंद्रपाल सिंह। संवाद

शिकोहाबाद। एक ओर जहां घरेलू गैस के लिए हाहाकार मचा है और लोग एजेंसियों पर लंबी कतारों में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग और भंडारण भी जारी है। शुक्रवार को एसडीएम डॉ. गजेंद्रपाल सिंह ने शिकोहाबाद के शंभूनगर मार्ग स्थित राहुल डेयरी से 10 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए। जांच के दौरान डेयरी के गोदाम में छिपाकर रखे गए सिलिंडर मिलने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही, डी-फ्रीज में रखे ड्रमों में गंदगी के बीच भरी चटनी देखकर उन्होंने खाद्य विभाग को सैंपल लेने और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि संकट के समय जमाखोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आर्यन गैस एजेंसी के मैनेजर को बुलाकर सिलिंडर और अभिलेख जब्त कर लिए गए हैं। संवाद

सुबह का नाश्ता हुआ महंगा

फिरोजाबाद। शहर के हलवाइयों और स्ट्रीट फूड वेंडर्स ने खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ा दिए हैं। गैस और कोयले के दामों में हुई वृद्धि के बाद बाजार में नई रेट लिस्ट प्रभावी हो गई है। अब सुबह का नाश्ता करना भी आम आदमी के लिए चुनौती बन गया है। कचौड़ी व बेड़ई, जो कि 8 से 10 रुपये में मिलती थी, उसके दामों में 2 से 4 रुपये तक का उछाल आया है। जलेबी अब 160 से बढ़कर 170 प्रति किलो हो गई है, वहीं समोसा 12 का हो गया है। सबसे तगड़ा झटका पड़ाके के शौकीनों को लगा है। 10 में 3 मिलने वाले सूजी के पड़ाके अब 20 के मात्र 4 रह गए हैं। होटल और ढाबों पर 5 रुपये में मिलने वाली साधारण रोटी अब 7 की हो गई है। संवाद

क्लब चौराहा, जहां हर रोज लगती थीं दर्जनों खाद्य पदार्थों की ठेल। शुक्रवार को यहां पसरा था सन्नाटा। संवाद

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय : प्लॉट नं. एच-2, ताज नगरी फेज 2, फतेहाबाद रोड, आगरा

ई-नीलामी 30.03.2026

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

ई-नीलामी की तारीख और समयः 30.03.2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक, बंद होने से पहले आखिरी 10 मिनट में बोली लगने पर ऑटो एक्सटेंशन क्लॉज के साथ।

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत चल/अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, नियम 8(6) और 6(2), 9(1) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002.

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित (चल और अचल संपत्ति/ संपत्तियां) जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/ बंधक/ गिरवी रखी गई हैं, जिसका रचनात्मक/ भौतिक कब्जा बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 30.03.2026 को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा।

क्र. नं.	ऋणी एवं गारंटर का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण
	शाखाः टूण्डला (संपर्कः 9808113071)	
1.	1. श्री अशोक कुमार उपाध्याय पुत्र हरि दत्त शास्त्री (उधारकर्ता–बंधककर्ता), 4/1, नई बस्ती तेल मिल रोड, टूंडला जिला–फिरोजाबाद, पिन–283204. 2. श्री अभिषेक उपाध्याय पुत्र अशोक कुमार उपाध्याय (सह–उधारकर्ता), 4/1, नई बस्ती तेल मिल रोड, टूंडला जिला–फिरोजाबाद, पिन–283204. 3. मैसर्स शास्त्री गार्डन एवं बैंक्वेट हॉल, प्रोपराईटर श्री अशोक कुमार उपाध्याय खसरा नंबर 461 इमलिया ग्राम–पचोकरा मौजा पचोकरा टूंडला फिरोजाबाद यूपी–283204. 4. श्री अशोक कुमार उपाध्याय (प्रोपराईटर मैसर्स शास्त्री गार्डन एवं बैंक्वेट हॉल), 4/1, नई बस्ती तेल मिल रोड टूंडला जिला–फिरोजाबाद पिन–283204. बकाया राशिः रू. 44,47,679.31 + ब्याज व अन्य खर्चे, घटायें वसूली यदि कोई हुई हो तो	संपत्तिः खसरा नंबर 461 इमलिया गांव पचोखरा मौजा टूंडला जिला–फिरोजाबाद 283204, जिसका क्षेत्रफल 5760 वर्ग मीटर। मालिक का नामः श्री अशोक कुमार उपाध्याय पुत्र हरि दत्त शास्त्री। टीएसआर के अनुसार चौहद्दीः पूर्व– रास्ता, पश्चिम– धर्मवीर सिंह की भूमि, उत्तर– पंडित जी की भूमि, दक्षिण– भगवती प्रसाद और अन्य की भूमि। ज्ञात भारः शून्य। आरक्षित मूल्यः 2,60,97,000 | अग्रिम धनराशिः 26,09,700 | सांकेतिक

नीलामी की दिनांक 30.03.2026 को समय प्रातः 11:00 से सांय 05:00 बजे तक

नियम और शर्तें 1. यह ई-नीलामी पीएसबी अलायंस द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जा रही है। 2. बोलीदाताओं को वेबसाइट पर अपना नाम, पता, संपर्क विवरण और अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित सटीक और पूर्ण जानकारी प्रदान करके पंजीकरण करना होगा। 3. बोलीदाताओं के पास वैध पैन कार्ड और आधार कार्ड होना अनिवार्य है। 4. सफल पंजीकरण के बाद बोलीदाता को प्रत्येक संपत्ति के लिए निर्धारित बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को ईएमडी वापस कर दी जाएगी। 5. बोली लगाने वाले निर्धारित नीलामी अवधि के दौरान संपत्ति पर बोली लगा सकते हैं। 6. नीलामी अवधि के अंत में उच्चतम बोली लगाने वाला ही विजेता घोषित किया जाएगा और इस संबंध में सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जारी की जाएगी, जो बैंक के अधिकृत अधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगी। विजेता को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत उसी दिन या अगले कार्य दिवस तक (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा। बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी, अन्यथा बैंक क्रेता द्वारा पहले से भुगतान/जमा की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर लेगा। भुगतान समय में चूक होने पर संपत्ति दूसरे उच्चतम बोली लगाने वाले को दी जा सकती है या पुनर्विक्रय की जा सकती है और चूक करने वाले क्रेता का कोई दावा नहीं होगा। संपत्ति पर देय सभी वैधानिक और अन्य शुल्क क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे। 7. यदि किसी भी कारण से बिक्री की पुष्टि नहीं होती है या उसे रद्द कर दिया जाता है, तो बोली लगाने वाले को बिक्री से संबंधित सभी आकस्मिक खर्चों का वहन करना होगा और क्रेता/बोली लगाने वाला किसी भी प्रकार के मुआवजे या हर्जाने का दावा करने का हकदार नहीं होगा। 8. इच्छुक पक्ष/बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ इंडिया के अधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। 9. संपत्ति की बिक्री के संबंध में बैंक / अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद होगा। बैंक बिना कोई कारण बताए बिक्री को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 10. संपूर्ण विक्रय मूल्य के भुगतान और विक्रय संबंधी औपचारिकताओं के पूर्ण होने पर, सफल क्रेता/बोलीदाता को विक्रय प्रमाण पत्र सरफेसी नियम में निर्धारित प्रारूप के अनुसार) जारी किया जाएगा। सफल क्रेता को विक्रय प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए सभी मौजूदा/पूर्व/भविष्य के कर और शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, आकस्मिक व्यय आदि वहन करने होंगे। 11. यह सूचना उपरोक्त उधारकर्ताओं/गिरवीदारों/गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8 (6)/6(2)/9 (1) के तहत भी दी गई सूचना है। 12. बोली लगाने वाले अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था बोली लगाने वाले को स्वयं करनी होगी, बैंक सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश, बिजली गुल होने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। 13. इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के शुल्कों के अलावा किसी भी प्राधिकरण द्वारा संपत्ति पर किसी भी दावे, शुल्क और भार के संबंध में सावधानीपूर्वक पूछताछ करनी चाहिए और अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, विस्तार, गुणवत्ता और मात्रा के बारे में स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए। 14. यदि उधारकर्ता बिक्री की तारीख से पहले बैंकों को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी को रोका/ रद्द किया/वापस लिया जा सकता है। 15. यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 में निर्धारित शर्तों और इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसरण में बैंकों के दिशानिर्देशों के अधीन होगी। 16. संयुक्त भूखंड के प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी और संयंत्र और मशीनरी के लिए बोली पर तभी विचार किया जाएगा जब भूमि और भवन के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं होगी। 17. बोली की कीमत आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए और बोलीदाता को भविष्य में अपनी पेशकश को 10,000 रुपये के गुणक में सुधारना होगा। 18. यदि किसी लॉट की अंतिम बोली राशि 50 लाख रुपये से अधिक है, तो नीलामी खरीदार को बैंक को अंतिम भुगतान करते समय आयकर अधिनियम की धारा 194 आईए के अनुसार अचल संपत्ति के विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत टीडीएस (वजन कटौती) काटकर आयकर विभाग को बैंक ऑफ इंडिया पैन नंबर AAACB0472C के नाम से जमा करना होगा और बैंक को चालान / कटौती की प्रतिलिपि और फॉर्म 26qb अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। खरीदार को अन्य सभी लागू वैधानिक कर, देय राशि, पंजीकरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, संपत्ति कर, सोसायटी शुल्क और अन्य सभी समान शुल्क भी वहन करने होंगे। 19. अंग्रेजी संस्करण और स्थानीय भाषा के संस्करण में किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी। 20. बोलीदाताओं को ई-नीलामी के दिन ऑनलाइन बोली जमा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। किसी भी स्थिति में, एक बार बोली जमा हो जाने पर बोलीदाता जमा की गई राशि के लिए बाध्य होगा / होंगी और किसी भी अनुरोध / संवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अन्तर्गत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

उधारकर्ता / गारंटरों को सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त राशि का भुगतान अग्रतम ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। अन्यथा, सम्पत्ति की नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक 14.03.2026 | प्राधिकृत अधिकारी

घबराएं नहीं... 25 दिन के अंतराल पर दोबारा बुकिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। गैस और ईंधन पर फैली भ्रामक खबरों और आपाधापी के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। जिलापूर्ति अधिकारी स्वीटी ने स्पष्ट किया है कि घरेलू सिलिंडरों की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है।

स्वीटी ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति, कालाबाजारी या बुकिंग में समस्या आ रही है, तो वह जिला पूर्ति कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकता है।

सभी घरेलू कनेक्शनधारकों को बुकिंग के बाद 2 से 3 दिन के भीतर सुगमता से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। एक बार बुकिंग कराने के 25 दिन के अंतराल के बाद ही ऑनलाइन माध्यम से दोबारा बुकिंग कराई जा सकती है।

जिले में केवल एलपीजी ही नहीं, बल्कि पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति भी पूरी तरह सुचारू है। परिवहन और घरेलू क्षेत्र में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, जनपद के पेट्रोल और डीजल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त भंडारण मौजूद है, इसलिए पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। यदि कोई व्यक्ति गैस संकट को लेकर अफवाह फैलाता पाया जाता है, तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

जिला पूर्ति कार्यालय ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर 05612-285222 जारी

ऑनलाइन बुकिंग नंबर 8454955555 और 7718955555 पर उपभोक्ता गैस की बुकिंग दर्ज करा सकते हैं

व्यावसायिक बिक्री पर सशर्त राहत की तैयारी

जमाखोरी और भीड़ को देखते हुए व्यावसायिक सिलिंडर की बिक्री पर लगी रोक को 20 प्रतिशत की शर्त के साथ हटाया जा सकता है। प्रशासन का मानना है कि इससे बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। इधर, गैस कंपनियों में इस पर मंथन चल रहा है। बताया जा रहा है आज इस आदेश को लागू किया जा सकता है।

टूंडला में एसडीएम ने जानी उपभोक्ताओं की परेशानी

गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को शिकायत पर मोबाइल में गैस बुकिंग की स्थिति देखते एसडीएम अंकित वर्मा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

टूंडला। एसडीएम अंकित वर्मा ने शुक्रवार को नगर की गैस एजेंसियों पर चेकिंग की। गैस एजेंसी वीर सुरेंद्र यादव और भारती गैस एजेंसी पर उन्होंने सिलिंडर की आस लगाए बैठे उपभोक्ताओं से बात की। कहा, गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में सिलिंडर हैं। गैस के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

इस बीच धूप गर्मी में सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। इस बीच उपभोक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि मोबाइल से बुकिंग करने पर बुकिंग नहीं हो रही है।

नंबर लगते ही फोन कट जाता है। वहीं, व्हाट्सएप पर बुकिंग नहीं हो रही। बार-बार घुमा फिराकर मैन मेन्यू में पहुंचा देता है। वीर सुरेंद्र गैस एजेंसी संचालक सुरेंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि अगर नंबर कट हो रहा है या एसएमएस पर नंबर नहीं लग रहा है तो व्हाट्सएप नंबर 7588888824 पर अपनी बुकिंग करें। यह सुविधा 24 घंटे चालू है।

विद्यालयों में गैस चूल्हे पर बन रहा मिड-डे-मील

तहसील क्षेत्र के शहर व देहात क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए बनने वाले मिड-डे-मील गैस-चूल्हे पर बनाया जा रहा है। स्टेशन रोड बीआरसी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में गैस सिलिंडर पर्याप्त हैं तथा उन्हें एजेंसी से गैस मिल रही है। उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलाबाद की रसोईया गीता देवी ने बताया कि गैस सिलिंडरों की कोई समस्या नहीं है। बच्चों के लिए खाना गैस-चूल्हे पर तैयार कराया जा रहा है।

हलवाइयों पर दोहरी मारः शहर के हलवाई और मिष्ठान विक्रेता प्रशासन और किल्लत के बीच पिस रहे हैं। टीटीजेड क्षेत्र होने के कारण वे भट्ठी सुलगा नहीं सकते और गैस के दाम ब्लैक में 2500 से 3000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। जलेसर रोड स्थित हरिविलास हलवाई ने बताया कि सिलिंडर नहीं मिला तो सिर्फ कचौड़ी बना रहे हैं। मिष्ठान बनाना तो दूर की बात है। हॉकर 2200 रुपये एक सिलिंडर की एवज में मांग रहे हैं। बजरंग नगर स्थित हलवाई नारायण सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह से भट्ठी नहीं सुलगाई। जो एक सिलिंडर मिला, वो घर के लिए रख लिया। अगर भट्ठी जलाई तो नगर निगम चालान काट देगा।

परेशानी | 5500 घरों में कनेक्शन लंबित, एनओसी के लिए नगर आयुक्त से मिले अफसर

पीएनजी की मांग बढ़ी, 4 दिन में 1100 नए आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। रसोई गैस सिलिंडरों के लिए मची आपाधापी के बीच अब उपभोक्ताओं का भरोसा गेल इंडिया की पाइप नेचुरल गैस (पीएनजी) पर बढ़ रहा है। आलम यह है कि चार दिनों में गेल के पोर्टल पर 1100 से अधिक नए कनेक्शनों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

गेल प्रशासन के अनुसार, शहर में लगभग 5500 ऐसे आवेदक हैं जिनके घरों के भीतर मीटर और रसोई तक पाइप लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है। हालांकि, ये उपभोक्ता अभी भी गैस सप्लाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण नगर निगम द्वारा मुख्य पाइपलाइन से कनेक्शन जोड़ने के लिए गड्ढा खुदाई की अनुमति न मिलना है।

नगर आयुक्त से मिले गेल के अधिकारी

शुक्रवार को गेल इंडिया के अधिकारियों ने नगर आयुक्त प्रशांत नागर से मुलाकात की। अधिकारियों ने वर्तमान में एलपीजी संकट और जनता की बढ़ती मांग का हवाला देते हुए जल्द से जल्द एनओसी जारी करने की मांग की। नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्लों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है, लेकिन मुख्य लाइन से जुड़ाव न होने के कारण सप्लाई रुकी हुई है।

इन इलाकों में सुचारू है सप्लाई, यहां है इंतजार

वर्तमान स्थिति : शहर के 78 किलोमीटर परिधि में पाइपलाइन बिछी है, जिसमें से 45 किलोमीटर क्षेत्र के 6078 घरों में गैस सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है।

सप्लाई वाले क्षेत्र : ऑर्किड ग्रीन, विभव नगर, जैन मंदिर क्षेत्र, सरस्वती नगर, तिलक नगर, गांधी नगर और नगला बरी।

अटके हुए क्षेत्र : जाटवपुरी, रामगढ़, आसफाबाद, रसूलपुर, बंबा बाईपास, सैलई और भारत टॉकीज जैसे इलाकों में खुदाई की अनुमति मिलते ही सप्लाई शुरू हो सकेगी।

सस्ती और सुलभ है पीएनजी

पीएनजी न केवल सुरक्षित है बल्कि सिलिंडर के मुकाबले किफायती भी मानी जा रही है। वर्तमान में गेल इंडिया द्वारा 48.50 रुपये प्रति घनमीटर की दर से गैस की आपूर्ति की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार सिलिंडर रिफिल कराने और ब्लैक मार्केटिंग की झंझट से मुक्ति मिल रही है।

5500 नए कनेक्शन वाले घरों में मुख्य लाइन से संयोजन का कार्य शेष है। इसके लिए नगर निगम से गड्ढा खुदाई की अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही इन घरों में भी गैस सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। - **मनमोहन,** प्रबंधक, गेल इंडिया